हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–231 : जौनपुर, मंगलवार 21 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## जौनपुर में 3 दिन रहेगी जन विश्वास यात्रा : मनीष शुक्ला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि जन विश्वास यात्रा के माध्यम से भाजपा सभी 403 विधानसभाओ में जाकर विभिन्न वर्गों जैसे महिला, दिव्यांगजन, किसानभाई, नौजवान, आशा–आंगनबाड़ी बहने, शिक्षक आदि समूहों के करीब 4 करोड़ से अधिक लोंगो से सीधा जुड़कर उनका विश्वास और आशीर्वाद लेगी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला मंगलवार को जौनपुर में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि काशी क्षेत्र की जनविश्वास यात्रा का शुभारम्भ 19 दिसम्बर को गाजीपुर में भारत सरकार की केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति इरानी ने किया। यह यात्रा क्षेत्र के सभी 71 विधानसभाओ से हो कर गुजरेगी। जौनपुर में यात्रा 30, 31 दिसम्बर व 1 जनवरी को रहेगी। जफराबाद और केराकत विधानसभा में 30 दिसम्बर को, जौनपुर नगर, मल्हनी और मछलीशहर में 31 दिसम्बर को यात्रा पहुँचेगी। मुंगराबादशाहपुर बदलापुर और शाहगंज विधानसभाओ में 1 जनवरी को यात्रा रहेगी। पूरी यात्रा के दौरान विभिन्न जगहों पर स्वागत और सभा का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार किसानों के साथ–साथ सीमा पर तैनात जवानों के लिए भी काम कर रही है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही संकल्प पत्र के अनुसार प्रदेश के 86 लाख किसानों का 36 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने साढ़े चार वर्षों में रिकॉर्ड खाद्यान्न खरीद की है और कोरोना काल में यूपी के 15 करोड़ लोगों को बिना भेदभाव के मुफ्त राशन दिया। इससे पहले की सरकारें भी कर सकती थीं, लेकिन उनके पास न तो नीति थी और न ही किसानों के कल्याण की नीयत। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पराली जलाने के मामले में किसानों के ऊपर लगे सारे मुकदमे वापस ले लिए हैं। श्री शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के 45 लाख गन्ना किसानों को योगी सरकार ने तोहफा देकर गन्ना का समर्थन मूल्य 25 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि बढ़े हुए गन्ना मूल्य के कारण किसानों को लगभग 4000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि 2017 में 8 साल पहले गन्ना का भुगतान बकाया था हमारी सरकार ने टीम वर्क के साथ दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई और गन्ना विभाग द्वारा साढ़े 4 साल में 1.44 लाख करोड़ का भुगतान किया गया। प्रदेश प्रवक्ता श्री शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में सपा शासन के दौरान अपराधियों द्वारा तमंचे व कट्टे का निर्माण किया जा रहा था भाजपा की सरकार बनने पर डिफेंस कॉरिडोर में ड्रोन, लड़ाकू विमान, बुलेट प्रूफ जैकेट, हेलीकॉप्टर, तोप और उसके गोले, अलग–अलग तरह की बंदूकें आदि बनाए जाएंगे। डिफेंस कॉरिडोर से देश को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में डिफेंस कॉरिडोर का खासा महत्व है। अभी भारत रक्षा क्षेत्र की अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए विदेशों पर निर्भर है। भारत दूसरे देशों से हथियारों का आयात करता है।अंतर्राष्ट्रीय स्तर के डिफेंस प्रोडक्ट और हथियारों का उत्पादन होने के साथ ही इन डिफेंस कॉरिडोरों के कारण क्षेत्रीय उद्योगों का विकास होगा और नए रोजगार का मौका बनेगा, साथ ही, उद्योग रक्षा उत्पादन के लिए ग्लोबल सप्लाई चेन के साथ भी जुड़ सकेंगे। देश की रक्षा के लिए तैयार होने वाले हथियारों की फैक्टरी लगाने के लिए किसानों ने अपनी जमीन सरकार को दी है, इससे उनकी देशभक्ति की भावना का पता लगता है। उन्होंने कहा कि रक्षा उत्पादों का देश में ही उत्पादन होगा, जिससे देश की जीडीपी में भी इजाफा होगा। प्रदेश प्रवक्ता श्री शुक्ला ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में वर्ष 2012 से 2017 की तुलना में वर्ष 2017 से 2021 में रिकॉर्ड 121324 मजरे विधुतीकृत किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012




से 2017 की तुलना में वर्ष 2017 से 2021 में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा आपूर्ति में 42: की समग्र वृद्धि प्राप्त की गयी है। वर्ष 2017 से 2021 में औसत ऊर्जा की आपूर्ति में 53: की वृद्धि हो गयी है। वित्तिय वर्ष 2021–22 में समग्र पारेषण क्षमता में 71.2: की वृद्धि दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि 33ध्11 के0वी0 उपकेंद्रों पर वोल्टेज में सुधार हेतु 1445 नग कैपेसिटर बैंक स्थापना व ऊर्जीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। श्री शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में बढ़ी बुनियादी सुविधाएं, बढ़ा निवेश जैसे 05 इंटरनेशनल एयरपोर्ट, 8 एयरपोर्ट संचालित,13 अन्य एयरपोर्ट एवं 7 हवाईपट्टी का विकास किया गया। 341 किमी. लंबे पूर्वांचल एक्स्प्रेस– वे का लोकार्पण हो चुका है, 297 किमी लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे का निर्माण कार्य प्रगति पर और 594 किमी. लंबे गंगा एक्सप्रेस–वे का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया है। 91 किमी लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे का कार्य प्रगति पर बलिया लिंक एक्सप्रेस–वे को मंजूरी मिली, 14 हजार 160 किमी सड़को का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण किया गया। 3 लाख 39 हज 698 किमी. सड़को का गड्ढा मुक्त तथा प्रदेश से जुड़ने वाले अन्य प्रदेशों/देश की सीमाओं तक जाने वाली 82 सड़को हेतु 1 हजार 759 करोड़ रुपये की लागत से 929 किमी. लम्बाई में कार्य प्रगति पर है। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि मिशन रोजगार के तहत 4.50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी व 3 लाख युवाओं की संविदा पर सरकारी नियुक्ति की गई। 82 लाख एमएसएमई इकाइयों को 2 लाख 15 हज 506 करोड़ रुपये का ऋण वितरित कर लगभग 2 करोड़ लोंगो को रोजगार दिया गया। उन्होंने कहा कि एक जनपद–एक उत्पाद योजना में 25 लाख लोगों को रोजगार, बड़ी औद्योगिक इकाईयों में 3 लाख से अधिक लोंगो को रोजगार, स्टार्टअप नीति के अंतर्गत 5 लाख युवाओं को रोजगार, अन्य राज्यों से अपने प्रदेश वापस आए 40 लाख से अधिक श्रमिकों/कामगारों को रोजगार, 1.50 करोड़ से अधिक श्रमिकों को मनरेगा में रोजगार, 58 हजार 758 महिलाएं बैंकिग सखी के रूप में चयनित, 10 लाख स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1 करोड़ महिलाओं को रोजगार दिया गया। श्री शुक्ला ने आगे बताया कि नगर में गोमती तट के पास मंदिर के सुंदरीकरण और घाटों के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दो परियोजनाओं की प्रशासकीय और वित्तीय सुकृति मिल गई है। इन दोनों परियोजनाओं में लगभग 791 लाख रुपया खर्च होंगे जिसकी प्रथम किस्त जारी कर दी गई थी। पहली परियोजना नगर गोमती नदी के तट शाही पुल के पास हनुमान मंदिर राम जानकी मंदिर, काली जी का मंदिर, दुर्गा जी का मंदिर और शिव जी का मंदिर के पर्यटन विकास सुंदरीकरण एवं घाटों के निर्माण के लिए 675.27 लाख एवं दूसरी परियोजना शास्त्री पुल के पास बलुआ घाट चकप्यार अली स्थित शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर के पर्यटन विकास सौंदर्यीकरण एवं घाटों के निर्माण के लिए 116.20 लाख उन्होंने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के तहत हनुमान घाट , बजरंग घाट पर पहले से ही काम चल रहा है और दो परियोजना स्वीकृत हो जाने के कारण गोमती नदी के दोनों किनारों पर सुंदरता बढ़ जाएगी पर्यटन की दृष्टि से भी जनपद वासियों को लाभ मिलेगा। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि करखियाव में अमूल प्लांट का सौगात माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 23 दिसंबर को मिलने जा रही हैं, स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन होगा। आसपास के किसानों, पशुपालकों एवं व्यापारियों को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि कल माननीय मुख्यमंत्री जी की उपस्थिति में सड़क परिवहन मंत्री आदरणीय नितिन गडकरी जी ने जौनपुर के कलीचाबाद, नईगंज, मुंगराबादशाहपुर तथा शहर उस श्रेणी में ना होने के बाद भी फ्लाईओवर व रिंग रोड की बड़ी सौगात दी जो क्षेत्र के लोगों का आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में कारगर होगी और यातायात सुगम होगी। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, सह मीडिया प्रभारी द्वय प्रतीक मिश्रा, सुशान्त चौबे उपस्थित रहे।

## राजकीय आईटीआई परिसर में 22 दिसम्बर को होगा वृहद रोजगार मेला का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेष सरकार द्वारा संचालित 'मिषन रोजगार कार्यक्रम' के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0, कौषल विकास मिषन एवं जिला उद्योग केन्द्र द्वारा निजी नियोजकों के सहयोग से 22 दिसम्बर 2021 को 'वृहद रोजगार मेला का आयोजन' राजकीय आई0टी0आई0 परिसर सिद्दीकपुर जौनपुर में किया गया है जिसका शुभारम्भ आवास एवं शहरी नियोजन, उ0प्र0 माननीय राज्यमंत्री गिरीष चन्द्र यादव जी द्वारा किया जायेगा। मेले में निजी क्षेत्र की 15 कम्पनियॉ शामिल हांगी तथा लगभग 1200 पदों की भर्ती करेंगी। मेले में सम्मिलित होने वाली प्रमुख कम्पनियॉ भारत हैवेल्स, षिवषक्ति, पुखराज हेल्थ केयर, मगधा, मेक आगेनिक, एक्स जेंट एक्वा, टाटा मोटर्स, व्हील इण्डिया लि0, वैराक इंजी0, मदरसन इण्डिया लि0, हाकिंस कुकर लि0, वरूण बेवरेज लिमिटेड, एच0आई0एल0 लि0 आदि कम्पनियॉ प्रतिभाग करेंगी। इस मेले में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता– हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक एवं आई0टी0आई0 है तथा आयु सीमा 18–35 वर्ष रखी गयी है। जिला सेवायोजन अधिकारी बताया कि मेले से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय एवं ऑनलाइन पोर्टल www.sewayojan.up.nic.in से प्राप्त कर सकते है। उन्होनें यह बताया कि रोजगार मेले में शमिल युवक अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, दो पासपोर्ट फोटो एवं आई0डी0प्रूफ, बायोडाटा के साथ लेकर उपस्थित हो।

## निपुण भारत के अन्तर्गत हमारा आँगन–हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : निपुण भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत आज ब्लाक संसाधन केंद्र मड़ियाहूं पर जन समुदाय को पूर्वप्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए "हमारा आंगन–हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन संयोजक श्री मनोज कुमार यादव खण्ड शिक्षा अधिकारी मडियाहू के नेतृत्व में आदरणीय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर श्री गोरख नाथ पटेलयश्री अवध किशोर सिंह उप शिक्षा निदेशक /डायट प्राचार्य श्री अवधा किशोर सिंह के संरक्षण में किया गया जिसके मुख्य अतिथि आदरणीया श्रीमती रेखा यादव ब्लाक प्रमुख जी रही।कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ती एवं प्राथमिक के नोडल शिक्षक के समन्वय से पूर्व प्राथमिक शिक्षा का नवीन सत्र से प्रारम्भ करने एवं अभिभावकों द्वारा 3 से 6 आयु वर्ग के सभी बाच्चो के नामांकन एवं सहयोग हेतु ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में शपथ दिलाई गयी।कार्य क्रम में कन्या पूर्वमाध्यमिक ( कम्पोजिट विद्यालय ) शुदनीपुर की बच्चियों द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत तथा प्राथमिक विद्यालय पालीताला की बच्चियों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर सी डी पी ओ पच्चो देवी ,डायट मेंटर श्री विनय कुमार यादव सहित ए आर पी श्री सिनिद्ध सिंह,श्री राजेन्द्र यादव,कैलाश नाथ यादव,श्री श्यामनारायण यादव,श्री






बंशगोपाल दीक्षित ने योजना से सम्बंधित जानकारी दी एव समस्त न्यायपंचायत समन्वयक सहित पूर्व एबीआरसी लालबहादुर यादव,प्रधानाध्यापक श्री अच्छेलाल यादव एवं अन्य शिक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के अंत मे खण्ड शिक्षा अधिकारी मड़ियाहूं मनोज कुमार यादव द्वारा ब्लाक प्रमुख श्रीमती रेखा यादव को मोमेंटो स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्य कर्म का संचालन श्रीमती कुशुमती यादव प्रधानाध्यापक पालीताला द्वारा किया गया।

## थाना सरपतहाँ पुलिस द्वारा दो शातिर चोर गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 21.12.2021 को थाना सरपतहां पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक सरपतहां श्री रवीन्द्र भूषण मौर्य मय फोर्स द्वारा विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 21.12.2021 को प्राथमिक विद्यालय जंगीपुर से समय 09.10 बजे सुबह चोरी के 3 इलेक्ट्रिक मोटर, एक कटा हुआ मोटर, डेढ़ किलो कापर वायर, एक स्टेप्लाईजर, पाँच बैटरी बड़ी, 04 भगौना, एक कढ़ाई, एक गैस सिलेन्डर तथा अवैध तमंचा 12 बोर एक व जिन्दा कारतूस 12 बोर 01 के साथ दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण 1. नीरज पुत्र दयाराम निवासी ग्राम जंगीपुर थाना सरतपहा जनपद जौनपुर, 2. नारायण पुत्र मोतीलाल निवासी जंगीपुर थाना सरतपहां जनपद जौनपुर तथा मौके से समरजीत बिन्द पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम जंगीपुर थाना सरपतहां जनपद जौनपुर भागने में सफल रहा। पकड़े गये अभियुक्तगण ने बताया कि हम लोगों से चोरी का समान समरजीत उपरोक्त खरीदता था, के निशानदेही पर फरार अभियुक्त के घर के बाहर रखे कैरट के नीचे से उपरोक्त समान बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त का चालान मा0न्यायालय जौनपुर किया जा रहा है । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1. नीरज पुत्र दयाराम निवासी ग्राम जंगीपुर थाना सरतपहा जनपद जौनपुर। 2. नारायण पुत्र मोतीलाल निवासी जंगीपुर थाना सरतपहां जनपद जौनपुर। पंजीकृत अपराध का विवरण – मु0अ0स0 222 /2021 धारा 41





सीआरपीसी व 411/413/414 भादवि0 थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। मु0अ0स0 223/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास–नीरज पुत्र दयाराम निवासी ग्राम जंगीपुर थाना सरतपहा जनपद जौनपुर। 1. मु0अ0सं0 219/2021 धारा 379/411 भादवि थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 220/2021 धारा 457/380/411 भादवि थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर। 3. मु0अ0सं0 221/2021 धारा 457/380/411 भादवि0 थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 4. मु0अ0सं0 222/2021 धारा 41 सीआरपीसी व 411/413/414 भादवि0 थाना सरपतहा जनपद जौनपुर। 5. मु0अ0स0 223/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। नारायण पुत्र मोतीलाल निवासी जंगीपुर थाना सरतपहां जनपद जौनपुर। 1. मु0अ0सं0 219/2021 धारा 379/411 भादवि थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 220/2021 धारा 457/380/411 भादवि थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर।3. मु0अ0सं0 221/2021 धारा 457/380/411 भादवि0 थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 4. मु0अ0सं0 222/2021 धारा 41 सीआरपीसी व 411/413/414 भादवि0 थाना सरपतहा जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. चोरी के 3 इलेक्ट्रिक मोटर, एक कटा हुआ मोटर, डेढ़ किलो कापर वायर, एक स्टेप्लाईजर, पाँच बैटरी बड़ी, 04 भगौना, एक कढ़ाई, एक गैस सिलेन्डर। 2. अवैध तमंचा 12 बोर एक व जिन्दा कारतूस 12 बोर 01। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम का विवरण– 1. रवीन्द्र भूषण मौर्य ,प्रभारी निरीक्षक थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 रामदवर यादव, हे0का0 पारसनाथ यादव , का0 हिमांशु सिंह , का0 भीमशंकर थाना सरपतहां जनपद जौनपुर।

## थाना खुटहन पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रींमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के मार्गदर्शन व थानाध्यक्ष श्री अश्विनी कुमार दूबे के पर्यवेक्षण में उ0नि0 विजय शंकर सिंह मय हमराह का0गजेन्द्र प्रताप सिंह व का0विष्णुदत्त के द्वारा मु0अ0सं0 332/21 धारा 323/504/506/324/427/304 भादवि में वांछित चल रहे अभियुक्त बलराम शर्मा पुत्र द्वारिका प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम मेढा थाना खुटहन जौनपुर को आज दिनांक 21.12.2021 को समय करीब 12.40 बजे दिन में रामनगर तिराहे से गिरफ्तार कर चालान मा0न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1.बलराम शर्मा पुत्र द्वारिका प्रसाद शर्मा उ0त0–43 वर्ष निवासी ग्राम मेढा थाना खुटहन जौनपुर। अपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 332/21 धारा 323/504/506/324/427/304 भादवि थाना खुटहन जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम का विवरण– 1. उ0नि0 विजय शंकर सिंह थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 2. का0गजेन्द्र प्रताप सिंह थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 3. का0 विष्णुदत्त थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## भारत की आजादी का अमृत महोत्सव सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज इंसाफ नगर सेक्टर 10 इंदिरा नगर लखनऊ में भारत की आजादी का अमृत महोत्सव सम्पन्न हुआ। प्राचार्य श्रीमती शिवानी वर्मा के



नेतृत्व में छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए और भारत माता की वंदना की तथा पुष्पांजलि अर्पित की। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें यूनिटी, पीस, होप, जॉय हाउस के छात्र – छात्राओं ने भाग लिया। हाउस लीडर के नेतृत्व में बच्चों ने भारत माता का चित्र बनाया और कंपटीशन में भाग लिया। सभी शिक्षक– शिक्षिकाओं, अभिभावकों एवं अतिथियों ने बच्चों के रचनात्मक कार्यक्रमों की प्रशंसा की। प्रबंधक हिमांशु वर्मा ने उत्कृष्ट एवं प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

## पुलिस लाइन की बंद आटा चक्की एसएसपी के निर्देश पर पुनः चालू

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पुलिस लाइन में बंद आटा चक्की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा के निर्देश पर पुनः किया गया चालू वर्षों से शासन के निर्देश पर पुलिस लाइन कैंपस में आटा चक्की चल रहा था आर आई के निर्देश पर 2 दिसंबर से आटा चक्की को यह कहते हुए की आटा चक्की से किसी तरह का फायदा नहीं हो रहा है जहां फाल्वर का खर्च और बिजली खर्च हो रहा है इसलिए आटा चक्की को बंद



कर दिया गया था जब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा व पुलिस अधीक्षक अपराधध लाइन डॉ महेंद्र पाल सिंह के संज्ञान में आया तो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने त्वरित एक्शन लेते हुए आटा चक्की को पुनः चालू करने का निर्देश दिया जो 18 दिनों बाद 20 दिसंबर से आटा चक्की चालू कर दिया गया एसएसपी ने बताया कि आटा चक्की फायदे के लिए नहीं चालू किया गया है सिर्फ अपने कर्मचारियों की सुविधाओं के लिए चालू किया गया है जहां हमारा कर्मचारी कड़ी मेहनत करते हुऐ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने का काम करता है आवासों पर उनके परिवार के सदस्य आटा चक्की पर गेहूं पीसवा कर दो वक्त की रोटी बनाकर अपने परिवार को खिलाने का कार्य करते हैं आटा चक्की खुल जाने से लाइन में रहने वाले परिवार जनों में खुशी की लहर है जहां 18 दिनों में परेशान होकर इधर–उधर आटा पिसाने का कार्य कर रहे थे अब पुनः एसएसपी के निर्देश पर आटा चक्की चालू कर दिया गया है उन्हें पुलिस लाइन की आटा चक्की चालू हो जाने पर पुलिस लाइन में ही आटा पिसाने का सहूलियत मिला करेगा पुलिस लाइन के कर्मचारियों ने एसएसपी को धन्यवाद दे रहे कि अगर पहले कप्तान साहब को जानकारी हो गया होता तो पहले आटा चक्की चालू हो गया होता इतने दिन हम लोगों को दिक्कतों का सामना नहीं उठाना पड़ता।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

मेहनत करने का कोई मौसम नहीं होता, जब शुरू करो वही मौसम हसीं बन जाता है

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पाँच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या में फॉउंडेशनल लिटरेसी और न्यूमिरेसी पर आधारित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत डायट प्रचार्या संध्या श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया।इस मौके पर डायट प्राचार्या ने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी ए आर पी तथा के आर पी को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत 2026 तक बुनियादी शिक्षा को हासिल कराना है।डायट प्रवक्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय मे विस्तार से चर्चा की।इस मौके पर एस आर जी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने बताया कि निपुण भारत मिशन का शुभारंभ शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 05 जुलाई 2021 को किया गया। निपुण भारत का मुख्य उद्देश्य 03 वर्ष से 09 वर्ष तक के सभी बच्चों को 20206–27 तक सम्पूर्ण साक्षरता और संख्या ज्ञान के साथ साथ गणितीय संक्रियाओं में दक्षता प्रदान करना है। एस आर जी मनीष रस्तोगी ने एफ एल एन के बुनियादी कौशलों एवम इनके महत्व पर विस्तार से चर्चा की। सभी प्रतिभागियों ने चर्चा में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।वही एस आर जी अमित कुमार मिश्र ने सीखने



के प्रमुख सिद्धांतो पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण प्रभारी डायट प्रवक्ता मनोज कुमार ने सभी प्रतिभागियों के उत्साहवर्द्धन किया। आज की चर्चा में डॉ अनामिका मिश्र , डॉ दिनेश कान्त पाण्डेय, डॉ विवेक कुमार सिंह , मनीष शुक्ला, प्रवीण मिश्र, श्रुति , ऋतु दूबे, कृष्ण कुमार त्रिपाठी के साथ साथ सभी ए आर पी तथा के आर पी ने प्रतिभाग किया। अन्त में डायट प्रचार्या ने सभी प्रतिभागियों को अपने क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# विधायक के औचक निरीक्षण में खुली राजेपुर धान क्रय केंद्र की पोल : सुबह साढ़े दस बजे तक नहीं खुला था ताला

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) राजकीय धान क्रय केंद्र राजेपुर पूरा बाजार का किसानों की शिकायत के बाद विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सुबह 10:30 औचक निरीक्षण किया क्रय केंद्र पर ताला लटकता देख विधायक भड़क उठे।इस मौके पर किसानों ने कहा कि ताला बंद कर एमआई गायब रहते हैं केवल बिचौलियों का धान तौला जा रहा है आम किसान परेशान दिखे।कादीपुर निवासी तुलाराम उपाध्याय ने बताया कि नंबर मिलने के बाद यहां तीन दिन से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन यम आई ताला बंद करके गायब रहते हैं तौल केंद्र पर मौजूद वॉचमैन राम अवध यादव ने कहा कि साहब आएंगे तभी ऑफिस का ताला खुलेगा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने तौल रजिस्टर मांगा तो वॉचमैन कहा कि रजिस्टर साहब अपने पास रखे हैं जब आएंगे तभी मिलेगा।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने एफसीआई के अधिकारियों से एमआई के खिलाफ कार्रवाई की बात कही उन्होंने दूरभाष से जिलाधिकारी को भी अवगत कराया कि राजेपुर क्रय केंद्र पर ताला लटका हुआ है विधायक ने किसानों को आश्वासन दिया कि शीघ्र आपके धान की तौल होगी और एक सप्ताह के अंदर धान का पैसा आपके खाते में चला जाएगा किसानों ने विधायक का आभार व्यक्त किया विधायक के साथ भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिभजन गौड भाजपा के ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने गोष्ठी आयोजित कर ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में किया जागरूक

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत खजुरी मिर्जापुर में उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारे जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक कुमार शर्मा का स्वागत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रईस अहमद उर्फ नियाज खान ने माला पहना कर किया।अपने संबोधन में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने कहाकि ने खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए कहाकि लोग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना,मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना आदि में 10 लाख तक का लोन 25 प्रतिशत अनुदान के साथ प्राप्त कर सकते हैं।साथ ही बताया कि सरकार द्वारा कुम्हारों के लिए 18000 मूल्य का निःशुल्क विद्युत चालित चाक, भुर्जी जाति के लिए 27000 निःशुल्क पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन समेत अन्य योजनाओं अनुदान सहित उपलब्ध है।गोष्ठी को सहायक विकास अधिकारी एसपी जायसवाल एवं उमाकांत गुप्ता ने भी संबोधित किया।गोष्ठी की अध्यक्षता कर रही ग्राम प्रधान कमर जहां ने अंत में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं मे लाभ लेने की अपील किया।गोष्ठी कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नगर निगम अयोध्या के अधिकारियों की लापरवाही के चलते शीतलहर होने के बावजूद भी नहीं कराया गया अभी तक लकड़ी का टेंडर

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)नगर निगम अयोध्या के अधिकारियों की लापरवाही के चलते शीतलहर होने के बावजूद भी नहीं कराया गया अभी तक लकड़ी का टेंडर प्राप्त जानकारी के अनुसार राम नगरी से लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर जलने वाले अलाव की व्यवस्था नगर निगम द्वारा आज तक नहीं की गई है नगर के महाजनी टोला फतेहगंज चौराहा देवकाली चौराहा रीड गंज चौराहा चौक घंटाघर रिकाबगंज चौराहा नियावां चौराहा रेलवे स्टेशन बस स्टेशन मौदहा चौराहा जिला चिकित्सालय जिला महिला चिकित्सालय नाका आदि स्थानों पर प्रतिवर्ष शीतलहर चालू होने से पूर्व ही नगर निगम द्वारा अलाओ जलवा दिया जाता था परंतु इस वर्ष भीषण ठंडक होने के बावजूद भी जिला प्रशासन से लेकर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा अलाव जलवा ने की व्यवस्था नहीं की गई है वही रिकाबगंज वार्ड के पार्षद उमेश यादव ने बताया कि अभी तक अलाउड जलवा ने हेतु लकड़ी का टेंडर नहीं हुआ है जिसके चलते शहर में अलाव जलने की व्यवस्था नहीं हो पा रही है और जिला प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

# अवध जन क्षेत्र के अंतिम जन विश्वास यात्रा में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या में भाजपा के अंतिम जन विश्वास यात्रा में उमड़ा जनसैलाब दिखाई पड़ा। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष संतोष कुमार गौड़ और उनके पार्टी कार्यकर्ता में काफी हौसला का हर्ष उल्लास दिखने को मिला। जन विश्वास यात्रा नगर भ्रमण करते हुए साहबगंज के राम जानकी मंदिर के पास पहुंची जहां पर लोगों ने सांसद लल्लू सिंह, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता अन्य कार्यकर्ता पार्टी के सदस्यों का भव्य स्वागत महानगर अध्यक्ष और उनके कार्यकर्ताओं ने किया।महानगर अध्यक्ष संतोष कुमार गौड़ ने बताया भारतीय जनता पार्टी की यह यात्रा जनता के विश्वास की यात्रा का हैं, यूपी की जनता का पूरा विश्वास है कि एक बार फिर यूपी में योगी सरकार बनेगी इस यात्रा का प्रथम उद्देश है कि यूपी में किसी भी वर्ग संप्रदाय और जनता का विश्वास इतना योगी सरकार पर हो चुका है कि वह योगी सरकार को बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी आज योगी सरकार ने गरीबों एवं असहायों को पक्का मकान रसोई गैस और करोना काल में राशन लोगों को दिया है जो आज भी घर घर में लोगों तक राशन पहुंच रहा है यूपी की जनता जानती है कि योगी सरकार के अलावा कोई भी सरकार इस तरह से शासन नहीं ला सकती कि जो आज माफिया भी उनके चंगुल में है और




उन से डरती है जो जनता के लिए हितकर साबित हो रही है अपराध करने वालों के लिए अब कोई जगह जेल के अलावा नहीं है। इस जन विश्वास यात्रा का भव्य स्वागत करने में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष संतोष कुमार गौड़ ,महानगर मंत्री भीम गौड़,मंगल प्रसाद गौड़,देवकाली मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार गौड़, देवकाली मंडल महामंत्री विश्वास कश्यप, करिएप्पा मंडल अध्यक्ष विकास कुमार गौड़, अयोध्या मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार गौड़ एवं समस्त पदाधिकारी नेतागण मौजूद थे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का पूर्वांचल पत्रकार सम्मेलन अयोध्या में सम्पन्न

अयोध्या। (राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) लोक कल्याण के हितार्थ और मर्यादाओं के अनुरूप ही लेखनी चलेगी तभी सच्चे अर्थों में पत्रकारिता सार्थक होगी।अयोध्या में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद अयोध्या द्वारा आयोजित पूर्वांचल पत्रकार सम्मेलन गांधी सभागार आयुक्त परिसर अयोध्या में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर एल. वेंकटेश्वर लू महानिदेशक उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी तथा महानिदेशक दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम विकास संस्थान थे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार ने किया। विचार गोष्ठी लोक लेखनी का मर्म एवं मर्यादा पर गहन विचार विमर्श एवं मंथन हुआ। विषय परिवर्तन राष्ट्रीय संरक्षक एवं संगठन के महामंत्री देवी प्रसाद गुप्ता ने किया। इस पावन अवसर पर अयोध्या जनपद के संगठन के पत्रकारों द्वारा संकलित स्मारिका ग्राम्य गौरव का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।इस सम्मेलन में आये हुए अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष देव बक्श वर्मा व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी राजन ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ किया।पूर्वांचल पत्रकार सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए श्री एल बैंक कटेसर लू ने कहा कि वर्तमान में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। यदि व्यक्ति में चेतना है तो तो बदलाव लाया जा सकता है। गुलामी काल में हमारे पास कोई संसाधन उस समय नहीं थे ।लेकिन चेतना के बल पर जागरण हुआ। जहां धर्म की रक्षा होती है वहां ईश्वर सबकी रक्षा करता है। प्रजातंत्र का मालिक वोटर है। संविधान की सत्य निष्ठा की प्रतिज्ञा करते हैं वहां मालिक वोटर हैं।न्याय समाज में समानता कहां से आएगी उसके लिए पत्रकार को आगे आना चाहिए। धर्म की सच्चाई है और सत्य का अनुसरण करना पड़ता है। जो जैसा करता है वैसा ही फल पाता है। स्वयं का दर्शन करना होगा कि हम कितने सच्चे हैं। ईश्वर ही सत्य है और सत्य ही ईश्वर है। ईश्वर का स्वरूप आनंददायक है। व्यक्ति के अंदर कितना छल कपट है कितना त्याग है देखना होगा। त्याग के बल पर ही सब कुछ ठीक किया जा सकता है। हमें अपने आचरण को सुधारना होगा। जनसंख्या विस्फोट जितनी तेजी से हो रहा है जनसंख्या बढ़ोतरी से वर्तमान में व्यवस्था प्रभावित हो रही है। प्रकृति संतुलन बनाए रखने के लिए हमें जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण करना होगा। तालाबों की रक्षा करना होगा। वृक्षों की रक्षा करना होगा, वृक्ष लगाना होगा, वृक्षों के कटान को रोकना होगा। जिससे प्रकृति व समाज की व्यवस्थाएं प्रभावित ना हो। इसके लिए जागरूकता लाना जरूरी है। उन्होंने पत्रकारों को अपनी लेखनी समाज हित और देश हित में चलाने की नसीहत भी दिया।विषय परिवर्तन करते हुए संगठन के महामंत्री देवी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि भारत के वैभव को बढ़ाने के लिए हमारी लेखनी है। भारत की जय जय पर हमारी लेखनी धन्य होगी। पत्रकार समाज को एक पारदर्शी आईना दिखाता है। सारे विश्व की नजर इस समय भारत पर हैं। भारत का वैभव अमर रहेगा तो हमारी लेखनी भी जीवित रहेगी। एकात्म मानववाद पर चर्चा करने पर पत्रकार ही खबरें समाचार पत्रों में दर्शाता है और वही अपनी कार्यक्षमता से समाज को एक पारदर्शी आईना दिखाता है। सारे विश्व की नजर इस समय भारत भूमि पर है ऐसे में पत्रकारों को अपनी लेखनी का मर्म समझते हुए मर्यादित ढंग से समाचार पत्र को जनता के सामने प्रेषित करना चाहिए इस मौके पर सौरभ कुमार प्रदेश अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि देश की आजादी में पत्रकारों का विशेष योगदान रहा है। आज भी ग्रामीण पत्रकार गांव के जनता की आवाज को शासन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। और गांव के जनता के सुख–दुख में पूरी तरह से निर्वहन कर रहे हैं। आजादी के बाद धीरे–धीरे पत्रकारिता व्यवसायिक होती गई। तत्कालीन वातावरण को देखकर और बिगड़ती दुरव्यवस्था पर चिंतन करने के बाद बाबू बालेश्वर लाल जी ने 8 अगस्त 1982 को बलियाया के गड़वार में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की आधारशिला रखी थी जो आज एक बट वृक्ष के रूप में पूरे प्रदेश में ही नहीं बल्कि कई प्रांतों में फैल चुकी है। और उनके प्रयास से ही प्रदेश में जगह–जगह अलख जगाया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि सरकार जिस तरह से ग्रामीण पत्रकारों की उपेक्षा कर रही है यह स्वस्थ समाज के लिए शुभ नहीं है। सरकार को ग्रामीण पत्रकारों की तरफ ध्यान देना होगा।वही संगठन के संरक्षक विजय विनीत ने कहा कि पत्रकारों की लेखनी बहुत महत्वपूर्ण है लेखनी को जितना मजबूती के साथ समाज हित व देश हित में चलाया जाएगा समाज और देश का उतना ही विकास होगा। ऐसे में कोई खबर इस तरह नहीं प्रकाशित करना चाहिए जिससे समाज का अहित हो। उन्होंने विस्तार से लोक लेखनी का मर्म एवं मर्यादा को बताते हुए अपना संदेश दिया।कैप्टन वीरेंद्र सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि पत्रकार शब्द में र अक्षर है र का मतलब रचना कर समाज हित में अपनी लेखनी को चलाकर हर समस्या का समाधान किया जाए। रचनात्मक कार्य करने से व्यवस्था एवं व्यवस्थाएं सही ढंग से सुदृढ़ होगी।उत्तराखंड के पिथौरागढ़ की धरती से पधारे हुए ललित शौर्य ने कहा कि लोग संवेदना, लोक व्यवहार हममे व आप सब में जब तक जीवित है तब तक समाज में आने वाली हर विपरीत परिस्थितियों में मुश्किल से मुश्किल कठिनाइयों में संघर्ष कर हम कामयाब होंगे। सुरेश पाठक सम्पादक ने कहा कि मर्यादा का पत्रकार पत्रकार मर्यादा का उल्लंघन करता ही नहीं बल्कि उपेक्षित शोषित वंचित आवाम की आवाज एवं उसकी मशीनरी सरकार एवं उसकी मशीनरी तक पहुंचाकर न्याय दिलाता है।विजयलक्ष्मी सिंह आई एन ए ने कहा कि पत्रकार छोटा एवं बड़ा नहीं होता है। एक समान होती है अपने कार्यों के अनुरूप ही छोटा अथवा बड़ा बन जाता है। संसाधन एवं व्यवस्था कलम समान है ना कोई छोटा है ना कोई बड़ा है। मौलिक सुविधाओं दैनिक सुविधाओं की मांग की।सुनील कुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष ने अपने काव्य रचना से पर्यावरण की समस्या पर प्रस्तुत किया।अयोध्या जनपद के पत्रकारों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हुए पत्रकारों का स्वागत स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र बैच अंगवस्त्रम बैग सम्मान पत्र आदि देकर सम्मानित किया समारोह का संचालन कृष्ण कुमार तिवारी ने किया स्वागत गीत विश्वनाथ तिवारी एवं सुनील कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया।समारोह को प्रदेश महामंत्री महेंद्र नाथ सिंह उपाध्यक्ष श्रवण द्विवेदी, नागेश्वर सिंह, विजय विनीत, सीबी तिवारी, ओम प्रकाश द्विवेदी, वीर भद्र सिंह मंडल अध्यक्ष आजमगढ़, मुजफ्फरनगर, राम नरेश चौहान मंडल अध्यक्ष अलीगढ़, धर्मवीर जिला अध्यक्ष मथुरा,एस पी मिश्रा मंडल अध्यक्ष देवीपाटन, शैलेश उपाध्याय जिला अध्यक्ष कुशीनगर, एटा अलीगढ़, मथुरा, आजमगढ़, प्रतापगढ़, झांसी, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, बस्ती, वाराणसी, संत कबीर नगर, गोंडा, बलरामपुर, कुशीनगर, देवीपाटन मंडल सुल्तानपुर अमेठी, बाराबंकी, अंबेडकरनगर, बलिया, लखनऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, चित्रकूट सहित आदि तमाम जनपदों के पत्रकारों ने शिरकत कर अपनी आवाज बुलंद किया।देव बक्श वर्मा जिला अध्यक्ष, राजेंद्र तिवारी राजन ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भाजपा की जनविश्वास यात्रा में उमड़ी भीड़ : जगह जगह हुआ स्वागत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)राम नगरी अयोध्या के तारुन में आयोजित जनविश्वास यात्रा के दौरान जनसभा में उमड़ी भीड़ से कानून मंत्री बृजेश पाठक ने कई सवाल पूछे।उन्होने कहा कि आप क्या चाहते है कि सैफई में डांस हो या अयोध्या में दीपोत्सव।भ्रष्टाचार मुक्त परिवेश हो या फिर भ्रष्टाचार में डूबी सरकार। माफिया सड़कों पर घूमें या अपराधी गले तख्ती डालकर निकले। सपा सरकार पूरी तरह से अपराधियां के चंगुल में रहती थी। परन्तु भाजपा की सरकार में कानून का राज है।इस मौके पर उन्होने कहा कि 2017 के पहले माफिया व गुंडे सड़को पर बंदूके लेकर निकलते थे। हत्या लूट व बलात्कार की घटना लगातार बढ़ रही थी। सपा सरकार में अपराधी मुख्यमंत्री आवास पर नाश्ता करते थे। जब घटनाएं बढ़ी तो इसका जवाब देते हुए तत्कालीन सपा सरकार के मुख्यमंत्री के पिताजी ने कहा कि लड़के है लड़को से गल्ती हो जाती है। वहीं बसपा में बगैर मनी के कुछ नहीं होता है। सरकार ने बिना भेदभाव के गरीबों को निःशुल्क आवास, गम्भीर बीमारी में इलाज के लिए बीमा, रसोई गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराया। कोविड काल में भाजपा के कार्यकर्ता गरीबों को खाद्यान्न, प्रवासी मजदूरों को भोजन व पैर में पहनने के लिए चप्पलें बांट रहे थे। वहीं विपक्षी दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता केवल सोशल मीडिया तक सीमित थे। प्रदेश सरकार में मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम को लेकर वैश्विक स्तर पर सरकार के काम की सराहना हुई है। कोविड काल में सरकार द्वारा किये गये कामों की तारीफ पूरी दुनिया में हो रही है।सरकार सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को बिना




भेदभाव के दिया गया है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की वजह से जनता में उत्साह का माहौल है।इस अवसर पर सांसद लल्लू सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री विजय बहादुर पाठक, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व सांसद हरिओम पाठक, अवधेश पाण्डेय बादल, गोकरन द्विवेदी, यात्रा के संयोजक अवधेश श्रीवास्तव, बीकापुर ब्लाक प्रमुख दिनेश वर्मा, राघवेन्द्र पाण्डेय, अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल, विकास सिंह, राममोहन भारती, शैलेन्द्र सिंह, नीरज श्रीवास्तव रिंकू, दिवाकर सिंह, डा रजनीश सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।वही ब्लाक मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कानून मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि 2022 के चुनाव में भाजपा 325 से अधिक सीटें जीतेगी। सरकार की उपलब्धियों को लेकर मंत्री जनविश्वास यात्रा के माध्यम से जनता से आशीर्वाद लेने जा रहे है। सरकार ने कानून का राज स्थापित इसे और प्रभावशाली बनाया जायेगा। हर गरीब को यह महसूस होगा की सत्ता में उसकी भागीदारी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धान्त पर चलकर अंतिम व्यक्ति का उत्थान हमारी प्राथमिकता है। सरकार ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का काम किया। कनाडा से मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा भारत ले आयी गयी।

# चंद दिनों की मेहमान है उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार – अवधेश प्रसाद

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) उत्तर प्रदेश मे भाजपा की अनुपयोगी सरकार चंद दिनों की मेहमान है।आने वाले विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने इस सरकार को उखाड फेंकने का मन बना लिया है।अब इस सरकार के दिन लदने वाले हैं। उत्तर प्रदेश की जनता परिवर्तन करने जा रही है और पूर्ण बहुमत से समाजवादी पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में बनने जा रही है।उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद ने अमावा सूफी गांव में आयोजित जनसभा में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए व्यक्त किया उन्होंने कहा किभाजपा सरकार केंद्रीय सत्ता की एजेंसियों के द्वारा समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं के यहां अनावश्यक छापेमारी करवा कर जुल्म की इंतहा कर रही है पूर्व मंत्री ने मिल्कीपुर विधानसभा में छुट्टा पशुओं के हमले से मरने वाले किसानों को लेकर सरकार को आड़े हाथों लिया उन्होंने कहा कि आज मिल्कीपुर में सड़कों की हालत खस्ता हो गई है आये दिन सड़कों पर दुर्घटनाएं हो रही रही है और गड्ढा मुक्ति अभियान के नाम पर झूठे वादे किए जा रहे हैं धर्म और संप्रदाय के नाम पर वोट मांग कर विकास के कार्यों को का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार के दिन लदने वाले हैं जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है।जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य व पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र यादव में बेरोजगारी और करोना महामारी में सरकार की नाकामियों पर बिस्तार से प्रकाश डाला पूर्व जिला पंचायत महेंद्र चौरसिया डॉक्टर राम सागर यादव शशांक शुक्ला यदुनाथ यादव राम गोपाल सिंह सुभाष रावत आदि नेताओं ने भी आने वाले चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने के लिए उपस्थित जनसमुदाय से आव्हान किया।जनसभा के बाद अमावा सूफी ग्राम पंचायत की बूथ इकाई का गठन किया गया जहां पर अखंड प्रताप सिंह, सूर्य बहादुर मिश्रा तथा सियाराम यादव व आदर्श मिश्र को बूथ प्रभारी बनाया गया इस अवसर पर अश्वनी कुमार मिश्रा पूर्व प्रधान राम मोहन सिंह सुरेश मिश्रा श्याम बहादुर सिंह उर्फ अन्नू मदन सिंह पूर्व प्रधान राय पट्टी रामफेर पूर्व प्रधान त्रियुगी तिवारी अशोक कुमार मिश्रा हरी नाथ शुक्ला डॉक्टर राम सागर यादव आदि सैकड़ों की संख्या में प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## अयोध्या–मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में जन विश्वास यात्रा के स्वागत में नीरज कनौजिया व उनके समर्थकों ने दिखाई ताकत

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या विधान सभा क्षेत्र मिल्कीपुर में भाजपा के जनविश्वास यात्रा में उमड़ा जनसैलाब दिखाई पड़ा। भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रत्याशी नीरज कुमार कनौजिया और उनके पार्टी कार्यकर्ता में काफी हौसला का हर्ष उल्लास दिखने को मिला। जन विश्वास यात्रा अवधा जन नगर भ्रमण करते हुए मिल्कीपुर क्षेत्र में पहुंची जहां पर लोगों ने कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक विजय बहादुर सांसद लल्लू सिंह ,अमर दल मौर्य संयोजक डिंपल सिंह का सांसद लल्लू सिंह,अन्य कार्यकर्ता पार्टी के सदस्यों का भव्य स्वागत विधायक प्रत्याशी नीरज कुमार कनौजिया और




उनके कार्यकर्ताओं ने किया। उनके समर्थकों ने जन विश्वास यात्रा का भव्य स्वागत किया हजारों की तादाद में कार मोटरसाइकिल और पैदल,हाथों में बीजेपी का झंडा लिए लोग दिखाई दिए। मिल्कीपुर विधायक प्रत्याशी के प्रबल दावेदार नीरज कुमार कनौजिया ने कहा कि जो काम बीजेपी सरकार के द्वारा कराया गया है जो जन विकास हो रहा है उसी को लेकर सरकार ने जन विश्वास यात्रा का शुभारंभ किया है, भारतीय जनता पार्टी विधायक प्रत्याशी नीरज कुमार कनौजिया ने बताया भारतीय जनता पार्टी की यह यात्रा जनता के विश्वास की यात्रा का हैं,इस बार फिर हमारी पार्टी योगी सरकार बनाने के लिए पूरा जोर लगाएगी और यूपी की जनता का पूरा विश्वास है कि एक बार फिर यूपी में योगी सरकार बनेगी इस यात्रा का प्रथम उद्देश है कि यूपी में किसी भी वर्ग संप्रदाय और जनता का विश्वास इतना योगी सरकार पर हो चुका है कि वह योगी सरकार को बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी आज योगी सरकार ने गरीबों एवं असहायों को पक्का मकान रसोई गैस और करोना काल में राशन लोगों को दिया है जो आज भी घर घर में लोगों तक राशन पहुंच रहा है यूपी की जनता जानती है कि योगी सरकार के अलावा कोई भी सरकार इस तरह से शासन नहीं ला सकती कि जो आज माफिया भी उनके चंगुल में है और उन से डरती है जो जनता के लिए हितकर साबित हो रही है अपराध करने वालों के लिए अब कोई जगह जेल के अलावा नहीं है। इस जन विश्वास यात्रा का भव्य स्वागत करने में पार्टी के लोगों ने कोई कसर नहीं छोड़ी और योगी सरकार बनाने के लिए पूरा हौसला दिखायाऔर जनता के समर्थकों में काफी उत्साह दिखा।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।